आपको अधिकार प्राप्त है!

आप्रवासन स्थिति के बावजूद, आपके पास ये सभी अधिकार हैं:

- प्रशिक्षण अवधि सहित काम किए गए सभी घंटों के लिए भुगतान पाने का अधिकार
- कम से कम न्यूनतम वेतन भुगतान पाने, ओवरटाइम के लिए भुगतान पाने और नियमित रूप से भुगतान (आमतौर पर साप्ताहिक या सप्ताह में दो बार) पाने का अधिकार
- अपने वेतन से होने वाली कटौतियों के बारे में जानने, और पूर्व लिखित सहमति के बिना कभी भी कटौती नहीं करवाने का अधिकार
- भेदभाव, यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार मुक्त सुरक्षित वातावरण में काम करने का अधिकार
- प्रतिशोध के डर के बिना NYS श्रम विभाग से मदद का अनुरोध करने का अधिकार

स्वयं को सुरक्षित रखें!

इनका रिकॉर्ड रखें:

- आपके द्वारा काम किए गए दिन और घंटे
- आपको कब और कितना भुगतान किया गया
- काम के दौरान महत्वपूर्ण घटनाओं की तारीखें और समय (चोट, धमकी या संघर्ष), और आपने उनके लिए किसको रिपोर्ट किया

P746.2 H (3/24)

जबरन श्रम करवाना एक अपराध है!

यह आपके अधिकारों का आपराधिक उल्लंघन हो सकता है यदि:

- आपसे कहा गया कि आपको क़र्ज़ चुकाने के लिए काम करना होगा
- आपसे कहा जाए कि आपके नियोक्ता आपका पासपोर्ट या पहचान पत्र ले लेंगे
- आपको किसी ऐसे लाभ का वचन दिया गया जो आपको नहीं मिला, जैसे कि ग्रीन कार्ड या पैसे
- धमकी दी गई कि अगर आप काम नहीं करेंगे, तो आप्रवासन या इमिग्रशेन या पुलिस को बुलाया जाएगा
- धमकी दी गई कि आपको या आपके परिवार को नुकसान पहुँचाया जाएगा
- वास्तव में आपको या आपके परिवार के किसी सदस्य को नुकसान पहुँचाया गया

आपके अधिकारों और कौन सी सहायता उपलब्ध है, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए, राष्ट्रीय मानव तस्करी की 24-घंटे की हॉटलाइन पर **888.373.7888** या DOCE हॉटलाइन पर **877.466.9757** पर कॉल करें।

आप **trafficking@labor.ny.gov** पर भी ईमेल भेज सकते हैं।

888-469-7365 | @nyslabor | www.labor.ny.gov

न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग एक समान अवसर नियोक्ता/कार्यक्रम है। विकलांग व्यक्तियों के लिए अनुरोध पर और नि:शुल्क सहायक सहायता और सेवाएं उपलब्ध हैं TTY/TDD 711 या 1-800-662-1220 (अंग्रेज़ी) / 1-877-662-4886.